# हमने संविधान देखा तो हमें भारत का एजेंट बना दिया गया: पाक सुको

**आलोचना**

## आर्मी चीफ का कार्यकाल बढ़ाने को लेकर पाक पीएम पर उठे सवाल

■पाक मीडिया ने अब सरकार की आलोचना की, कहा– कानूनी टीम जिम्मेदार



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल कमर जावेद बाजवा के कार्यकाल विस्तार को लेकर पीएम इमरान खान अपने ही देश में घिर गए हैं। पाक सुप्रीम कोर्ट ने सरकार द्वारा बाजवा का कार्यकाल 3 साल बढ़ाने की अधिसूचना को रोकने के बाद इसे मात्र 6 महीने कर दिया है। इमरान सरकार ने आर्मी चीफ के कार्यकाल जैसे महत्वपूर्ण मामले को जिस तरह से हैंडल किया, उसको लेकर वहां का मीडिया भी जमकर आलोचना कर रहा है।

पाकिस्तान के कई अखबारों ने शुक्रवार को लिखा कि इमरान सरकार में लोगों का भरोसा कमजोर हुआ है। गौर करने वाली बात यह है कि पाक सुप्रीम कोर्ट ने सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने अपनी टिप्पणी में कहा कि उन्होंने संविधान के हिसाब से काम किया लेकिन जजों को भारत का एजेंट बता दिया गया।

दरअसल, पाक पीएम इमरान खान ने 19 अगस्त को क्षेत्रीय सुरक्षा हालात का हवाला देते हुए अधिसूचना जारी कर बाजवा का कार्यकाल 3 साल के लिए बढ़ा दिया था लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने सेवा विस्तार में अनियमितताओं का हवाला देते हुए उसे मंगलवार को रद्द कर दिया। सरकार ने अधिसूचना वापस लेकर नई अधिसूचना जारी की। इसके बाद भी मामला नहीं थमा।

**इमरान का ट्वीट, जिस पर लोगों में नाराजगी** आपको बता दें कि जब इमरान खान अदालत के फैसले पर असहज हो गए तो उन्होंने बाहरी दुश्मनों पर निशाना साधना शुरू कर दिया। उन्होंने सिलसिलेवार ट्वीट करते हुए कहा, आज उन लोगों को बड़ी निराशा होगी जिन्हें उम्मीद थी कि संस्थानों के टकराव से देश अस्थिर हो जाएगा। इससे खासतौर पर पाकिस्तान के बाहरी दुश्मनों और भीतरी माफियाओं को निराशा हुई होगी।

**सीजेआई ने कहा, हमें भारत का एजेंट बताया गया:** चीफ जस्टिस आसिफ सईद खोसा ने सुनवाई के दौरान अपनी टिप्पणी में अपनी चिंता और दुख भी व्यक्त किया है। जस्टिस खोसा ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान कहा कि इस मामले में उनके नेतृत्व वाली पीठ ने संविधान और कानून के प्रावधानों की बारीकी से पड़ताल का अपना काम किया लेकिन, इसके लिए लोगों ने जजों के खिलाफ प्रॉपेगैंडा शुरू कर दिया और उन्हें भारत और अमेरिकी खुफिया एजेंसी का एजेंट करार दे दिया।

**पाक मीडिया ने सरकार को जमकर कोसा:** चीफ जस्टिस खोसा के नेतृत्व वाली तीन जजों की बेंच ने सरकार के इस आश्वासन पर फैसला सुनाया कि संसद 6 महीने के भीतर आर्मी चीफ के कार्यकाल विस्तार या दोबारा नियुक्ति पर कानून पास करेगी। डॉन अखबार ने अपने संपादकीय में लिखा कि 3 दिनों तक चले हाई ड्रामे के बाद एक समाधान निकला और संभावित गतिरोध खत्म हो गया। गुरुवार आधी रात में 59 साल के जनरल बाजवा के रिटायर होने से ठीक पहले यह फैसला आया। पाक मीडिया में कहा गया कि सरकार ने इतने संवेदनशील मसले पर बेवजह भ्रम और विवाद पैदा किया।

## अल्बानिया भूकंप में करीब 50 की मौत, 5,000 से ज्यादा लोग बेघर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तिरानी। अल्बानिया में इस हफ्ते की शुरुआत में आए भयंकर भूकंप में 49 लोगों की मौत हो गई और 5,000 से अधिक लोग बेघर हो गए हैं।

प्रधानमंत्री ने भूकंप से हुए नुकसान के आंकड़े शुक्रवार को सामने रखते हुए यह जानकारी दी। अल्बानिया में मंगलवार तड़के आया 6.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप दशकों में आया सबसे घातक एवं विनाशकारी भूकंप था। सबसे अधिक नुकसान डुर्रेस बंदरगाह शहर के एड्रियाटिक तट के पास और थुमेन नगर में हुआ जहां सैकड़ों लोग भूकंप में ढहे अपार्टमेंटों और होटलों के नीच दब गए थे। बचाव दल को मलबे के नीचे से शव निकालते देख प्रियजन और पड़ोसियों के चेहरे पर दर्द झलक रहा था। शुक्रवार को बचाव प्रयासों को डुर्रेस के एक या दो अन्य स्थानों पर भी केंद्रित किया गया। इनमें तट के करीब ढहे एक होटल वाला स्थान भी शामिल था। प्रधानमंत्री एदी रामा ने कहा, "49 लोगों की जान चली गई और 750 से अधिक घायल हुए।" बचाव एवं राहत दलों ने 45 लोगों को मलबे के नीचे से जिंदा निकाला। बचाव कार्य में यूरोप भर के विशेषज्ञ, खोजी कुत्ते, कैमरे एवं अन्य उपकरणों की मदद ली गई। डुर्रेस और थुमेन में, करीब 2,000 लोगों को होटलों या अन्य इमारतों में ठहराया गया है।



## जलवायु परिवर्तन पर बहस से ब्रिटिश पीएम जॉनसन ने किया किनारा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने यहां जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर टीवी पर हो रही चुनावी बहस से खुद को अलग कर लिया। इस पर टीवी चैनल ने उनके स्थान पर कंजरवेटिव पार्टी के लोगो वाली बर्फ की कलाकृति रखकर बहस पूरी की। जॉनसन के अलावा ब्रेक्जिट पार्टी के नेता निगेल फराज ने भी इसमें हिस्सा नहीं लिया। उनके स्थान पर भी पार्टी के प्रतीक के साथ बर्फ की कलाकृति रखी गई। यूरोपीय संसद में जलवायु आपातकाल घोषित करने के मुद्दे पर हुए मतदान के कुछ घंटों बाद ही यह बहस आयोजित की गई थी।

# तालिबान के साथ अफगान शांति वार्ता फिर शुरू हो गई है: ट्रंप



तालिबान समझौता करना चाहता है और हम उनसे मिलने वाले हैं: डॉनल्ड ट्रंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने थैंक्सगिविंग के मौके पर अचानक अफगानिस्तान पहुंचकर तालिबान के साथ एक बार फिर शांति वार्ता शुरू करने का ऐलान किया, लेकिन अपने सैनिकों को वहां से वापस बुलाने की कोई समयसीमा तय करने से इनकार कर दिया। बगराम एयर फील्ड में गुरुवार को पत्रकारों के तालिबान से दोबारा बातचीत शुरू करने के सवाल पर ट्रंप ने कहा, हां।

उन्होंने कहा, तालिबान समझौता करना चाहता है और हम उनसे मिलने वाले हैं। जब हम संघर्ष विराम चाहते थे, वो नहीं चाहते थे और अब वे संघर्ष विराम चाहते हैं। मुझे लगता है कि ऐसे यह सफल हो पाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका ने पिछले छह महीने में काफी प्रगति की है और उसके साथ ही अपने सैनिक भी वापस बुला रहा है।

अफगानिस्तान में अमेरिका के सबसे बड़े हवाई क्षेत्र में अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी के साथ जल्दबाजी में आयोजित द्विपक्षीय बैठक के दौरान उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हम तब तक वहां रहेंगे जब तक कोई समझौता नहीं हो जाता या हमारी पूरी तरह जीत नहीं हो जाती और वो समझौता करने को उत्सुक हैं।

ट्रंप ने इस बात की पुष्टि की कि वह अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों की संख्या घटाकर 8,600 करना चाहते हैं। अभी वहां 14 हजार अमेरिकी सैनिक हैं, हालांकि सैन्य अधिकारियों ने इस आंकड़े की पुष्टि नहीं की है।

## भारतीय मूल के दो भाईयों ने चिकन के माध्यम से ड्रग तस्करी में संलिप्तता स्वीकार की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन में भारतीय मूल के दो भाईयों ने एक आपराधिक गिरोह की गतिविधियों में संलिप्त होने की बात स्वीकार की है, जो नीदरलैंड से चिकन आयात करने वाली नामचीन कंपनियों के जरिये ब्रिटेन में लाखों पाउंड के मादक पदार्थों की अवैध तस्करी में शामिल था। ब्रिटेन की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) की जांच के बाद मनजिन्दर सिंह ठक्कर और देवेन्द्र सिंह ठक्कर को गिरफ्तार किया गया। उन्हें अगले साल जनवरी में सजा सुनाई जाएगी। बर्मिंघम की एक अदालत ने इसी सप्ताह इस मामले में गिरोह के दो सरगनों वसीम हुसैन और नजरत हुसैन को तकरीबन 44 साल की कैद की सजा सुनाई थी। एनसीए के शाखा परिचालन प्रबंधक कोलिन विलियम्स ने कहा, इस मामले की दो से तीन साल तक चली जांच के दौरान हमने व्यवस्थित तरीके से संगठित अपराध का पर्दाफाश किया, जो वेस्ट मिडलैंड्स में ड्रग्स के आयात और वितरण में शामिल था। उन्होंने बताया कि तीन मौकों पर चिकन ले जा रहे पानी के जहाजों में लगभग 5 मिलियन पाउंड की हेरोइन और कोकीन पकड़ी गई थी।

## न्यूज डायरी



### लंदन अस्पताल में नवाज शरीफ का सीटी स्कैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। पाकिस्तान के बीमार पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के कई मेडिकल टेस्ट कराए गए हैं। लंदन के एक अस्पताल में शरीफ का सीटी स्कैन समेत कई टेस्ट हुए ताकि प्लेटलेट काउंट कम होने का कारण पता चल सके। उनके फिजिशियन का हवाला देते हुए इस्लामाबाद के मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई है। डॉक्टर अदनान खान ने ट्वीट किया, 'लंदन ब्रिज अस्पताल में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का स्कैन होना है।' लाहौर हाई कोर्ट से चार हफ्तों के लिए 69 वर्षीय शरीफ को विदेश यात्रा की इजाजत दी गई। इसके बाद ही वे 19 नवंबर को एयर एंबुलेंस के जरिए लंदन गए थे। इसके लिए उनकी पार्टी, परिवार के सदस्य काफी जद्दोजहद कर रहे थे कि उन्हें इलाज के लिए विदेश जाने की छूट दी जाए। उनके बेटे हुसैन नवाज के हवाले से डॉन में बताया गया, 'अभी सबसे महत्वपूर्ण उनकी सीटी स्कैन है।'

### अमेरिका के साथ बातचीत बहाल करने के बारे में कुछ कहना जल्दबाजी होगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। तालिबान ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका के साथ सीधी वार्ता बहाल करने के बारे में कुछ कहना अभी जल्दबाजी होगी। तालिबान का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस टिप्पणी के एक दिन बाद आया है, जिसमें उन्होंने अमेरिका के सबसे लंबे युद्ध को खत्म करने के लिये वार्ता को वापस पटरी पर लाने का सुझाव दिया है। ट्रंप ने अफगानिस्तान की अचानक की गई यात्रा के दौरान यह टिप्पणी की। हालांकि, तालिबान के आधिकारिक प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने एक व्हाट्सऐप संदेश में समाचार एजेंसी एएफपी से कहा, ''वार्ता बहाल होने के बारे में कुछ कहना अभी जल्दबाजी होगी। हम बाद में अपनी आधिकारिक प्रतिक्रिया देंगे।'' ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा था कि तालिबान एक सौदेबाजी करना चाहता है।

### दर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों की गोलीबारी में 40 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नासिरिया। इराक में सरकार के खिलाफ पिछले दो महीने से जारी प्रदर्शनों ने हिंसा का रूप ले लिया है। राजधानी बगदाद और देश के दक्षिणी क्षेत्र में को उग्र प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों की गोलीबारी में 40 लोगों की मौत हो गई। अकेले नसीरिया में 25 लोग मारे गए। शिया समुदाय के पवित्र शहर नजफ में भी सुरक्षा बलों की कार्रवाई में दस प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई। सुरक्षा बलों ने यह कार्रवाई प्रदर्शनकारियों द्वारा बुधवार देर रात नजफ स्थित ईरानी वाणिज्य दूतावास को फूंक देने के बाद की। इराक में इतने व्यापक स्तर पर हिंसा वर्ष 2003 के बाद पहली बार देखी जा रही है। तब तानाशाह सद्दाम हुसैन को सत्ता से हटाने के दौरान मुल्क भीषण हिंसा के दौर से गुजरा था। देश में भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के खिलाफ गत एक अक्टूबर से शुरू हुए आंदोलन में अब तक 390 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री अब्देल महदी के नेतृत्व वाली सरकार से इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

### किम की निगरानी में फिर किया गया 'प्रोजेक्टफाइल्स' का परीक्षण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग–उन ने गुरुवार को एक 'सुपर–लार्ज मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम' के परीक्षण का निरीक्षण किया। प्योंगयांग की सरकारी मीडिया केसीएनए ने शुक्रवार को संकेत दिया कि यह इस श्रृंखला का आखिरी परीक्षण हो सकता है। वहीं दक्षिण कोरियाई अधिकारियों ने कहा कि प्योंगयांग ने गुरुवार को एक 'प्रोजेक्टाइल्स' का परीक्षण किया जिसे चिह्नित नहीं किया जा सका। गौरतलब है कि उत्तर कोरिया और अमेरिका के बीच परमाणु निशस्त्रीकरण पर बातचीत फिलहाल ठप है। इस बीच, जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने कहा कि उत्तर कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया है जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए एक गंभीर चुनौती है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रतिबंधों के तहत उत्तर कोरिया पर ऐसे हथियारों का परीक्षण करने पर प्रतिबंध है।